Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to look into the problems being faced by local transport workers in Alwar districrt, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर के बहरोड़ उपखंड पर गत 32 वर्षों से चल रही ट्रक यूनियन को फैक्ट्री मालिकों तथा स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत व साजिश के अंतर्गत तोड़ा जा रहा है।

सभापति महोदया, राट्रीय राजमार्ग दिल्ली से मात्र 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरियाणा और राजस्थान की सीमा पर बसे बहरोड़ उपखंड के किसानों की जमीनें औद्योगीकरण के लिए अधिग्रहित की गयी थीं। बहरोड़-नीमराणा के औद्योगिक क्षेत्र के लिए अपनी जमीनें अधिग्रहित हो जाने से मुआवजे में मिली राशि से वहां के छोटे किसानों ने ट्रक लेकर अपने रोजगार चालू किये। ये ट्रक मालिक स्वयं किसान थे जिनके बेटे ट्रक चलाते हैं और खलासी का काम करते हैं और अपनी यूनियन बनाकर उन्होंने स्थानीय फैक्ट्रियों के साथ एक समझौता किया था कि उन फैक्ट्रियों से सारा माल ट्रक यूनियन वाले लेकर के जायेंगे और यह काम पिछले 20-25 वर्षों से शांतिपूर्ण चल रहा था, लेकिन गत दो माह से फैक्ट्री मालिकों और प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन के प्रभाव में ट्रक यूनियन को तोड़ने का काम किया है। पुलिस के पहरे में दिल्ली और हरियाणा की बड़ी-बड़ी ट्रक कंपनियों के ट्रक इन फैक्ट्रियों से सामान लदाकर लेकर जाते हैं और स्थानीय ट्रक मालिक बेरोजगार होकर देखते रहते हैं और विडम्बना यह है कि दिल्ली और हरियाणा की इन बड़ी-बड़ी ट्रक कंपनियों को स्थानीय ट्रक यूनियन से अधिक भाड़ा दिया जा रहा है। उदारीकरण के नाम पर गरीब किसानों की जमीनें फैक्ट्रियों के लिए अधिग्रहित हो गयीं और इन फैक्ट्रियों में न तो स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी दी जाती है और खेती छोड़कर ट्रक का रोजगार करने वाले भी अब बेरोजगार हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने एक ऐसी मंशा बना ली है कि यूनियन शब्द को ही डिक्शनरी से हटा दिया जायेगा, ऐसी मानसिकता रखने वाला प्रशासन राज्य में है। आपसे मेरा निवेदन है कि यहां के श्रम मंत्री जी इस पर ध्यान दें और जायज यूनियन एक्टीविटी को पनपने दें और बेरोजगारी न बढ़े, इसलिए वहां की ट्रक यूनियन को यथासंभव बनाकर रखें जिससे कि इन ट्रक मालिकों को, जो कि बड़े कारपोरेशन वाले नहीं हैं, ट्रक इन्होंने अपनी जमीन बेचकर खरीदा है, उसका एक बेटा खलासी है और दूसरा बेटा ड्राइवर है, उनको रोजगार मिलता रहे, यही आपसे प्रार्थना है।